दिनांक 05.09.2023 को सम्पन्न साप्ताहिक विभागीय समीक्षा बैठक (VC) से संबंधित कार्यवाही :–

1. **Compliance of issues raised in pre-EC meeting held on 04.08.2023.**

सभी कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि दिनांक–04.08.2023 को PMGSY-III अन्तर्गत योजनाओं की स्वीकृति हेतु सम्पन्न Pre-Empowered Committee Meeting में उठाये गये बिन्दुओं का अनुपालन प्रतिवेदन कार्य प्रमंडलों को उपलब्ध कराना है।

उल्लेखनीय है कि कार्य प्रमंडलों से प्राप्त किये जाने वाले अनुपालन प्रतिवेदन के अभाव में Pre-EC बैठक की कार्यवाही का समेकित अनुपालन प्रतिवेदन NRIDA को अब तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। Empowered Committee की बैठक की तिथि निर्धारण हेतु आवश्यक है कि इसे NRIDA को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

सभी कार्य प्रमंडलों एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेश दिया गया कि PMGSY-III अन्तर्गत बैच–1, वर्ष 2023–24 के लिये योजनाओं की स्वीकृति हेतु 02 दिनों के अन्दर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, किशनगंज एवं मोतिहारी को निदेशित किया गया कि पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये गये कुल 11 प्रस्तावित पुलों का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन अपने मंतव्य सहित 02 दिनों के अन्दर BRRDA मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

2. **Compliance of questionnaire given by Estimate Committee of Parliament के संबंध में** :–

सभी कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि संसद के प्राक्कलन समिति की समीक्षा बैठक में माँगी गयी सूचना जिसकी विवरणी सभी कार्य अंचल एवं सभी कार्य प्रमंडल को पत्र के माध्यम से भी उपलब्ध करायी गयी है, साथ ही समीक्षा बैठक में इन प्रश्नों को नोट भी करा दिया गया, का उत्तर प्रतिवेदन 02 दिनों के अन्दर BRRDA मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

3. **PMGSY-III अन्तर्गत स्वीकृति हेतु समर्पित/पूर्व से स्वीकृत योजनाओं को drop किये जाने के संबंध में** :–

सभी कार्य प्रमंडलों को निदेषित किया गया कि PMGSY-III अन्तर्गत स्वीकृति हेतु समर्पित/पूर्व से स्वीकृत योजनाओं को drop किये जाने के संबंध में अपना सुस्पष्ट मंतव्य सहित प्रतिवेदन 02 दिनों के अन्दर BRRDA मुख्यालय को उलपब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

4. **BHUVAN Portal के संबंध में** :–

BHUVAN Portal पर प्रमण्डलों द्वारा किये जा रहे त्रुटियों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि प्रमण्डलों की प्रगति असंतोषजनक है। इस कार्य में सबसे धीमी प्रगति वाले 10 कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद (45.60%), अररिया (45.10%), समस्तीपुर (44.50%), महराजगंज (40.60%), सीतामढ़ी

(39.50%), बक्सर (39.50%), पकड़ीदयाल (39.40%), पटना (38.60%), वायसी (38.40%) एवं हाजीपुर (37.90%) हैं, जिनका दर्शाया गया प्रतिशत कार्य upload किया जाना लम्बित है।

**निर्देशः**– बैठक में सभी कार्य प्रमण्डलों को निदेशित किया गया कि इस कार्य को हर हाल में 15 सितम्बर 2023 तक पूर्ण कर लिया जाये अन्यथा प्रमण्डलों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**5. <u>eMARG के संबंध में</u> :–**

PMGSY योजनान्तर्गत पंचवर्षीय रूटीन अनुरक्षणाधीन पथों का Bi-monthly Routine Inspection eMARG के माध्यम से किया जाना है। माह अगस्त–2023 में किये गये Bi-monthly Routine Inspection नहीं करने वाले शीर्ष 10 defaulter कार्य प्रमंडल, सिमरी–बख्तियारपुर (12 RI), मुंगेर (07 RI), मढ़ौरा (06 RI), शेखपुरा (05 RI), खड़गपुर–तारापुर (05 RI), किशनगंज–1 (05 RI), पालीगंज (04 RI), फुलपरास (04 RI), बेतिया (04 RI), मुजफ्फरपुर पूर्वी–2 (04 RI), किशनगंज (04 RI), औरंगाबाद (04 RI) एवं मनिहारी (04 RI) हैं।

**निर्देशः**–सभी कार्य प्रमंडलों को निदेश दिया गया कि सितम्बर–2023 में किये जाने वाले Bi-monthly Routine Inspection को शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**6. <u>Unspent balance of PMGSY Programme fund</u>:-**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडलों के पास कुल 239.78 करोड़ की अव्यवहृत राशि का प्राधिकार लम्बित है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य प्रमंडल, वायसी (25.97 करोड़), सीतामढ़ी एवं शिवहर (16.13 करोड़), भागलपुर (14.62 करोड़), बेनीपट्टी (9.55 करोड़), सिमरी–बख्तियारपुर (8.56 करोड़), उदाकिशुनगंज (6.43 करोड़), पूर्णिया (6.69 करोड़), सिवान–1 (5.95 करोड़), पुपरी (5.53 करोड़) एवं सहरसा (5.42 करोड़) में सबसे अधिक अव्यवहृत राशि लम्बित है।

**निर्देशः**– सभी संबंधित कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निदेष दिया गया कि 15 सितम्बर 2023 तक लम्बित अव्यवहृत राशि का या तो उपयोग कर लें अथवा योजनावार इसका प्रत्यर्पण किया जाना सुनिश्चित करें। यह भी बताया गया कि जिनके पास राशि लम्बित रहेगी उनका प्राधिकार रोक दिया जायेगा।

**7. <u>Unspent balance of 5-year routine maintenance fund</u>:-**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडलों के पास कुल 98.46 करोड़ की Unutilized amount लम्बित है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद (5.21 करोड़), सीतामढ़ी (4.63 करोड़), वायसी (3.92 करोड़), मोतिहारी (3.79 करोड़), झाझा (3.56 करोड़), गया (2.97 करोड़), बांका–2 (2.86 करोड़), अररिया (2.74 करोड़), शेरघाटी (2.72 करोड़) एवं पुपरी (2.57 करोड़) में सबसे अधिक अव्यवहृत राशि लम्बित है।

**निर्देशः**– सभी संबंधित कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि 15 सितम्बर 2023 तक लम्बित अव्यवहृत राशि का या तो उपयोग कर लें अथवा योजनावार इसका प्रत्यर्पण किया जाना सुनिश्चित करें। यह भी बताया गया कि जिनके पास राशि लम्बित रहेगी उनका प्राधिकार रोक दिया जायेगा।

## 8. भौतिक रूप से पूर्ण कार्यों के अंतिम विपत्र का निष्पादनः-

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत भौतिक रूप से पूर्ण 249 कार्यों को वित्तीय रूप से पूर्ण किया जाना लम्बित है।

**निर्देशः**– सभी संबंधित कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि 15 सितम्बर 2023 तक लम्बित अंतिम विपत्रों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

## Quality Issue of PMGSY

PIU द्वारा SQM निरीक्षण कार्य में प्रायः योजना दिखाने में असमर्थता जाहिर की जा रही है। ज्ञात हो कि SQM को जाँच कार्य OMMAS पर आवंटित की जाती है। NRIDA द्वारा हर राज्य के लिये निरीक्षण कार्य का Target संख्या निर्धारित किया गया है। PIU द्वारा "योजना" जाँच कार्य हेतु नहीं दिखाए जाने के कारण राज्य का निर्धारित Target achieve नहीं हो पायेगा, जिससे राज्य की छवि खराब होगी। अतएव सभी PIU को निदेष दिया जाता है कि SQM को आवंटित पथ / पुल का षत–प्रतिषत निरीक्षण कराना सुनिष्चित करें।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

## नाबार्ड

Drop हुए पुलों की संख्या की समीक्षा की गई एवं Tranch-22 and Tranch-23 के Completed Project के PCR समर्पित करने का निदेश सभी कार्य प्रमंडल को दिया गया।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

## MIS

कार्य प्रमंडल, तेघड़ा, सुपौल एवं टिकारी के कार्यपालक अभियंता से CWPI से संबंधित कार्य का अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने एवं अविलंब इसे पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।**

8/9/23

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 4871 / दिनांक 08/9/2023

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, सभी कार्य अंचल / कार्यपालक अभियंता, सभी कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/9/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 4871 /दिनांक 08/9/2023

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/9/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 4871 /दिनांक 08/9/2023

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेव साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

8/9/23

अभियंता प्रमुख